पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल वडसर

PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA AFS WADSAR

निपुण समाचार पत्रिका- 2026-2027

सृजन

Creating • Learning • Growing Together

First Quarter
April - June
2026



NIPUN BHARAT

एक झलक - What's Inside

1. विद्या प्रवेश — Vidya Pravesh
2. शैक्षिक भ्रमण — Educational Excursion
3. उत्सव / समारोह — Special Event And Celebration
4. रचनात्मक शिक्षण गतिविधियाँ — Creative Learning Activities
5. प्रार्थना सभा — Morning Assembly
6. गणित गतिविधियाँ — Maths Corner
7. मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान — FLN
8. रचनात्मक सज्जा कार्य — Creative Corner

Our Editorial Team

Patron
Mr. Shekhar Jakhoria
Principal

Chief Editor
Mr. Mahendra Dohare
Headmaster

Editor
Mrs. Jyoti Katariya

Associate Editors
Ms. Deepika
Mrs. Tanvi

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल वडसर



श्री धर्मेन्द्र पटले
उपायुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
अहमदाबाद संभाग



श्री वेंकटेश्वर प्रसाद बी.
सहायक आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन,
अहमदाबाद संभाग



श्रीमती मीना जोशी
सहायक आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
अहमदाबाद संभाग



श्रीमती बिबियाना एक्का
सहायक आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
अहमदाबाद संभाग



श्री शेखर जखोड़िया
प्राचार्य
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय
वायुसेना स्थल वडसर



श्री महेन्द्र दोहरे
प्रधानाध्यापक
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय
वायुसेना स्थल वडसर

प्राचार्य की कलम से

मुझे अत्यंत हर्ष एवं गर्व है कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल वडसर की प्रथम त्रैमासिक निपुण समाचारपत्रिका (अप्रैल–जून २०२६) का प्रकाशन किया जा रहा है। यह समाचारपत्रिका निपुण भारत मिशन के अंतर्गत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को सुदृढ़ करने के हमारे प्रयासों का सार्थक प्रतिबिंब है। विद्यालय में आनंदमय, गतिविधि-आधारित एवं बाल-केंद्रित शिक्षण को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। हमारे शिक्षक विद्यार्थियों की जिज्ञासा, रचनात्मकता एवं सीखने की क्षमता को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं इस समाचारपत्रिका के निर्माण में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं प्राथमिक शिक्षक की सराहना करता हूँ। मुझे विश्वास है कि हमारे सामूहिक प्रयास "हर बच्चा सीखे, हर बच्चा आगे बढ़े" के संकल्प को साकार करेंगे। प्रथम त्रैमासिक निपुण समाचारपत्रिका- " सृजन " के सफल प्रकाशन पर विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

श्री शेखर जखोड़िया
प्राचार्य

प्रधानाध्यापक की कलम से

सत्र २०२६–२७ के लिए प्राथमिक विभाग के निपुण समाचारपत्रिका " सृजन" के प्रकाशन की घोषणा करना मेरे लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का क्षण है। मैं सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, संपादकीय टीम एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई देता हूँ, जिन्होंने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ इसमें अपना योगदान दिया। हमारे विद्यार्थी विभिन्न सह-पाठ्यचर्या एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेकर अपनी प्रतिभा और क्षमताओं का विकास कर रहे हैं। यह निपुण समाचारपत्रिका विद्यार्थियों और शिक्षकों के निरंतर प्रयासों, रचनात्मकता एवं उपलब्धियों का सुंदर प्रतिबिंब है। मुझे विश्वास है कि " सृजन " विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणा और उत्साह का स्रोत बनेगा। सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ।

श्री महेन्द्र दोहरे
प्रधानाध्यापक


संपादकीय मंडल



श्रीमती ज्योति कटारिया, प्रभारी



सुश्री दीपिका



श्रीमती तन्वी देशावल

प्रवेशोत्सव 2026

VIDYAPRAVESH 2026

“नन्हे कदम, नई उड़ान — ज्ञान की ओर पहला अभियान!”



बालवाटिका- 3 के नन्हे-मुन्ने बच्चों का विद्याप्रवेश समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। विभिन्न स्वागत एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का विद्यालय में स्नेहपूर्वक स्वागत किया गया।













शैक्षिक भ्रमण

EXCURSION 2026

🔬✨ विज्ञान की दुनिया से रूबरू—साइंस सिटी की रोमांचक ज्ञानयात्रा!











विद्यार्थियों ने साइंस सिटी का रोमांचक एवं ज्ञानवर्धक भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों, मॉडलों और गतिविधियों के माध्यम से सीखने का आनंद लिया।

विशेष आयोजन एवं समारोह
SPECIAL EVENTS AND CELEBRATIONS

पुस्तकोपहार अभियान

केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा संचालित “पुस्तकोपहार " एक प्रेरणादायक पहल है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थी अपनी पुरानी एवं उपयोगी पुस्तकों को अन्य बच्चों को उपहार स्वरूप प्रदान करते हैं। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों में साझा करने, सहयोग एवं संवेदनशीलता की भावना विकसित होती है। बच्चे पुस्तकों का आदान-प्रदान कर एक-दूसरे को पढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। इससे विद्यार्थियों में पठन-पाठन की रुचि एवं पुस्तक प्रेम बढ़ता है तथा ज्ञान का प्रसार होता है। “पढ़ो और पढ़ाओ” की भावना को बढ़ावा देते हुए यह छोटी-सी पहल विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सहायक है।





हरित पहल

“ज्ञान का सबसे सुंदर दान – पुस्तकोपहार।”





EARTH DAY CELEBRATION

“पृथ्वी बचाएँ, भविष्य सजाएँ।”





रचनात्मक शिक्षण गतिविधियाँ
CREATIVE LEARNING ACTIVITIES

सूखे पत्तों से मनमोहक कला-सृजन





"Save the Sparrow Campaign" के अंतर्गत पक्षियों के लिए घोंसला निर्माण गतिविधि








🌿 वन महोत्सव – हरित भविष्य की ओर एक सुंदर कदम! 🌱



"पेड़ लगाएँ, पर्यावरण बचाएँ और हरित भविष्य बनाएँ"



"रचनात्मक गतिविधियाँ बच्चों के मन में सीखने की नई उड़ान भरती हैं।"

“बाबासाहेब डॉ. बी. आर. अंबेडकर को नमन समानता, न्याय और शिक्षा के प्रतीक।”
“Saluting Babasaheb Dr. B. R. Ambedkar, a symbol of equality, justice and education.”







Ambedkar Jayanti was celebrated in the Vidyalaya with great enthusiasm to honour the life, contributions, and ideals of Dr. B. R. Ambedkar.

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 🧘‍♀️
INTERNATIONAL YOGA DAY 2026

योग दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।
योग के माध्यम से बच्चों ने शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और एकाग्रता का महत्व जाना।









“योग अपनाएँ, स्वस्थ रहें और खुशहाल जीवन जिएँ!”

प्रार्थना सभा

MORNING ASSEMBLY

हर सुबह नई जानकारी, नई सीख और नई ऊर्जा के साथ! 🌞📚✨







प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने विशेष गतिविधि, सकारात्मक सोच, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय समाचार, मौसम की जानकारी और नए शब्दों का ज्ञान प्राप्त किया। विभिन्न प्रस्तुतियों एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, जागरूकता, अभिव्यक्ति कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास हुआ।









गणित कोना

MATHS CORNER


🔢 गणितीय गतिविधियाँ – सीखें, समझें और आनंद लें!


विद्यार्थियों ने 3D आकृतियों, भिन्न, संख्या प्रतिरूप एवं अन्य गणितीय गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने आकृतियों की पहचान, भिन्नों की समझ और संख्या प्रतिरूपों को रोचक एवं व्यावहारिक तरीके से सीखा।











"गणित बना आसान, गतिविधियों के साथ सीखना बना मज़ेदार!" ✨📐

निपुण भारत के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आनंदमय FLN गतिविधियाँ

Joyful FLN Activities for Achieving NIPUN Bharat Targets.

पारिवारिक संबंध गतिविधि



Animal Mask Activity



Shopping Corner Activity





Flash Card Activity



Maths Counting Activity





रचनात्मक कोना
CREATIVE CORNER











